## न्यूज ब्रीफ

### भींवाराम चौधरी की द्वितीय पुण्यतिथि पर परमार्थ कार्य किए

मूक बधिर एवं दिव्यांग विद्यार्थियों को बैंच और फल वितरित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं संस्थापक वीर झुंझार सिंह संस्थान के संस्थापक सदस्य, पर्यावरणविद और प्रसिद्ध व्यवसायी भींवाराम चौधरी की द्वितीय पुण्यतिथि पर बुधवार को उनके निज आवास पर आर्य समाज की परंपरा से डीवी शास्त्री, पवन सैनी और सदस्यों द्वारा उनके परिजनों के संग हवन यज्ञ कर सुविचार व्यक्त किए गए। इसके उपरांत उनकी धर्मपत्नी भंवरी देवी, पुत्र महेंद्रसिंह, निर्मलसिंह द्वारा मूक बधिर और दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए संचालित विशेष विद्यालय आशा का झरना में बैंच भेंट कर फल वितरित किए गए। साथ ही इस दौरान तारा संस्था उदयपुर में भी आनंद वृद्धाश्रम में 80 लोगों को दोनों समय भोजन कराया गया। बुधवार शाम का नगर परिषद में इंदिरा रसोई में 100 आदमियों का भजन करवाया गया। भींवाराम चौधरी का सामाजिक उत्थान, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण में विशेष योगदान रहा। उनके द्वारा सांगरिया विद्यापीठ, नागौर सामुदायिक भवन, झुंझार सिंह संस्थान, जाट फाउंडेशन और महर्षि दयानंद बालिका विज्ञान महाविद्यालय में भी अपने सामर्थ्य अनुसार सार्थक योगदान दिया गया। इस अवसर पर उनके परिजन प्रोफेसर सुधीर सिंह, डॉ. गीता, सुनिता, शिवम, नितिन, उमंग, अभिराज, अभिजीत, कृतिका, मोनिका, शिवानी तथा संस्थान के युवा मोर्चा अध्यक्ष नेशनल यूथ आइकॉन वकील विजय हिन्द जालिमपुरा, संजय बिजारणियां, हीरेंद्र चौधरी, बबिता चौधरी और सदस्य उपस्थित रहे।

### मकर संक्रांति पर गौशाला में होंगे गौसेवार्थ कार्यक्रम

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** श्री गोपाल गौशाला में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मंगलवार को गौ भक्तों के लिए गौ सेवार्थ दिवस संयोजक अशोक केडिया के संयोजन में मनाया जाएगा। जिसमें गौ भक्तों के लिए गौ सेवार्थ गौ दान, गायों के लिए ब्रह्मपुरी (गाय रसोई), तुला दान, मीठा दलिया सवामन भोग, हरि चरी, हरी सब्जी, गुड़ एवं गाय गोद की विशेष व्यवस्था की गई है। अल सुबह पांच बजे से शाम छह बजे तक हवन यज्ञ का आयोजन सभी को भक्तों के लिए किया जाएगा। गौ माता की पूजा के लिए सप्त धेनु गौ परिक्रमा व नंदी परिक्रमा की व्यवस्था का भी गौ भक्त धार्मिक लाभ उठा सकेंगे। जानकारी देते हुए गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री नेमी अग्रवाल ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व पर गौशाला में अपराह्न साढे पांच बजे से जादूगर जेपी गर्ग द्वारा जादुई करतब दिखाकर गौ भक्तों के लिए मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक अशोक केडिया एवं पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि इसी दिवस पर चौथमल सुनिल कुमार पाटोदिया परिवार के सौजन्य से कार्यक्रम संयोजक आशीष तुलस्यान के संयोजन में गाय के गोबर की उपयोगिता पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 14 जनवरी 2025 मकर संक्रांति पर्व पर किया जाएगा। सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं में सुबह 11 बजे उपस्थित हो सकेंगे। जिन्हें 11:30 बजे से 12:30 बजे तक एक घंटे का समय निबंध लिखने के लिए दिया जाएगा। निबंध प्रतियोगिता में निबंध लिखने की अधिकतम शब्द सीमा 100 शब्द, हिंदी भाषा में निबंध लिखना है। प्रतिभागी को निबंध लिखने के लिए चार्ट शीट एवं पेंसिल गौशाला में उपलब्ध करवाई जाएगी। निर्णायकों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। जिनके निर्णय के अनुसार प्रथम विजेता को रूपए सात हजार एक सौ, द्वितीय विजेता को रूपए पांच हजार एक सौ रुपए एवं तृतीय विजेता को रूपए तीन हजार एक सौ रुपए नगद इनाम एवं गौ माता का प्रतीक चिह्न (फोटो) दी जाएगी। इसी के साथ 51 सांत्वना पुरस्कार में गौ माता का प्रतीक चिह्न (फोटो) दी जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी को 10 जनवरी 2025 तक गौशाला में जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाना है।

### अलवर में देर रात ज्वेलरी शॉप में घुसे चोर-11 किलो चांदी और सोना लेकर फरार हुए

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर ।** अलवर शहर में कोतवाली थाना क्षेत्र में स्वर्ग रोड पर चावण्ड पाडी मोड स्थित खुशी ज्वेलर्स दुकान का ताला तोड़कर चोर करीब 16 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर पार कर ले गए। दुकान के मालिक हरिओम सोनी ने बताया कि पड़ोसी ने बुधवार सुबह सूचना दी कि दुकान के ताले टूटे हुए हैं। उसके बाद पुलिस को सूचना दी। सुबह करीब 8 बजे बाद दुकान के अंदर देखा तो करीब 40 ग्राम सोना सहित 11 किलो चांदी चोरी हो चुकी थी।कोतवाली थाने के सहायक पुलिस उप निरीक्षक रघुवीर ने बताया कि चोरी रात करीब डेढ़ बजे के आसपास हुई है। अभी दुकान मालिक से चोरी हुए माल का अनुमान लगाने में लगे हैं। इसके साथ अज्ञात चोरों की पड़ताल भी शुरू कर दी है। दुकान मालिक ने बताया कि सुबह 7 बजे दुकान के ताले टूटे होने का पता चला था। दुकान के ताले टूटे मिले हैं। बाद में पुलिस के आने पर शटर को खोला गया। करीब साऐ 11 किलो चांदी व 40 ग्राम सोना चोरी हो गया।

### पृष्ठ 1 का शेष...सीएम शर्मा बोले...

मुख्यमंत्री  शर्मा ने प्रस्तावित वैट अधिनियम और आबकारी कानून के संदर्भ में अधिकारियों को अन्य राज्यों में लागू कानूनों का अध्ययन करते हुए नवाचारों को समाहित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्टेट स्किल पॉलिसी में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने संबंधी प्रावधान जोड़ने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य युवाओं में कौशल क्षमता का विकास करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करना है, इसलिए नीति को रोजगारोन्मुखी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने राजस्थान कृषि विकास योजना,एग्रो प्रोसेसिंग नीति, लैंड एग्रीगेशन और मोनेटाइजेशन पॉलिसी, इंडस्ट्रियल पॉलिसी, गारमेंट एंड अपैरल पॉलिसी, राजस्थान वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक पॉलिसी, डाटा सेंटर पॉलिसी, नई पर्यटन नीति, ट्रांसफर ऑफ इंडस्ट्रियल लैंड्स वैलिडेशन एक्ट एवंराजस्थान कोचिंग सेंटर कंट्रोल एंड रेगुलेशन बिल पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कुलदीप रांका, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव उद्योग श्री अजिताभ शर्मासहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मुंबई में....

**केंद्र सरकार ने कहा था- सर्दी में एचएमपीवी का इन्फेक्शन आम**-चीन में एचएमपीवी के बढ़ते मामलों के बीच इमरजेंसी जैसे हालात बनने की बात कही गई थी। हालांकि भारत सरकार ने 4 जनवरी को जॉइंट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक की थी। इसके बाद सरकार ने कहा था कि सर्दी के मौसम में फ्लू जैसी स्थिति असामान्य नहीं है। चीन के मामलों पर भी नजर रखे हुए हैं और सरकार इनसे निपटने के लिए तैयार है।

# 31 हजार करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का होगा शिलान्यास और लोकार्पण : शर्मा

## रोजगार उत्सव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक, राज्य सरकार कौशल एवं उद्यमिता का विकास कर युवाओं को बना रही आत्मनिर्भर



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार देकर उनके सपनों को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं में कौशल और उद्यमिता का विकास कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आगामी चार वर्षों में चार लाख सरकारी व 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार सहित कुल 10 लाख रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएंगे।   शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर युवा दिवस (12 जनवरी) पर युवा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले रोजगार उत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस रोजगार उत्सव में राज्य सरकार युवाओं को 13 हजार 500 से अधिक नियुक्तियां देगी। इनमें चिकित्सा विभाग में सीएचओ के 5 हजार 261, वित्त विभाग में कनिष्ठ लेखाकार के 4 हजार 749, गृह विभाग में कांस्टेबल सहित अन्य के 3 हजार 133, राजस्व विभाग में तहसील राजस्व लेखाकार के 179, शिक्षा विभाग (माध्यमिक) में विविध 159 पद तथा शिक्षा विभाग (प्राथमिक) में अध्यापक लेवल-प्रथम एवं द्वितीय के 76 पदों पर नियुक्तियां शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी दिन 31 हजार 29 करोड़ रुपये के 73 हजार 39 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया जाएगा। जिनमें 20 हजार 212 करोड़ रुपये के 12 हजार 142 कार्यों का शिलान्यास तथा 10 हजार 817 करोड़ रुपये के 60 हजार 897 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इनमें ऊर्जा, सार्वजनिक निर्माण, जल संसाधन, ग्रामीण विकास, पीएचईडी, कृषि, शिक्षा, पर्यटन, पंचायतीराज तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समारोह के आयोजन की सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी करना सुनिश्चित करें।  शर्मा ने कहा कि देश और विदेश में कुशल एवं योग्य कार्मिकों की भारी मांग है। इस मांग की पूर्ति में राजस्थान अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वेक्षण के माध्यम से युवाओं की शैक्षणिक और कौशलपरक योग्यता तथा विदेश में काम करने के इच्छुक युवाओं का एक डाटाबेस तैयार किया जाए ताकि देश या विदेश में मानव संसाधन की आवश्यकता वाले उद्योगों एवं कंपनियों को राज्य सरकार के माध्यम से योग्य एवं कुशल कार्मिक उपलब्ध करवाए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्थापित जो भी उद्योग तथा कंपनी रोजगार देने में राज्य के युवाओं को प्राथमिकता देगी उन्हें राज्य सरकार विशेष रूप से प्रोत्साहित करेगी। शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गहन विचार-विमर्श कर इस प्रकार की कार्ययोजना बनाई जाए ताकि निजी क्षेत्रों में काम करने वाले प्रत्येक कार्मिक का पीएफ कटना सुनिश्चित हो तथा उन्हें वेतन का ऑनलाइन भुगतान हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की नीति और रीति है कि हम हमारे युवाओं को बेरोजगारी के दंश से मुक्त कराकर उनका मनोबल बढाएं ताकि वे नई ऊर्जा के साथ अपने सुखद भविष्य की नींव रख सकें। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव पीएचईडी भास्कर ए सावंत, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़ सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर में ग्रामीणों की उमड़ रही भीड़, मरीज को मिल रही सभी प्रकार की सुविधाएं



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में ग्रामीणों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए ग्रामीण भारी तादाद में शिविर का लाभ उठा रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में धौलपुर जिले में सैंपऊ उपखंड क्षेत्र के गांव परौआ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी विनीत शर्मा रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनीत शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर से खासकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिल रही है। कड़ाके की सर्दी से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। वायरल बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। जुकाम, खांसी एवं सांस के रोगियों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। इस शिविर के माध्यम से लोगों को भारी स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि गांव-गांव,ढाणी-ढाणी शिविर लगाकर राज्य सरकार ने लोगों को घर बैठे स्वास्थ्य लाभ देने का काम किया है। वही चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेशराम मीणा एवं डॉ रजत सिंह ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की जनता के हितों के लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों के आयोजन किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाये जा रहे हैं। चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर इलाज किया जा रहा है। डॉ मुकेशराम मीणा ने बताया कि शिविर के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। गर्भवती महिलाओं की 15 प्रकार की नि:शुल्क जांच की जा रही है। महिलाओं का वजन माप कर बीपी और शुगर लेवल भी चेक किया जा रहा है। साथ ही डॉ. रजत सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य के मुताबिक मेडिसन दिया जा रहा है। इसके अलावा नेत्र विशेषज्ञ एवं दंत विशेषज्ञों द्वारा भी शिविर में मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। आयुष विभाग की भी टीम शिविर में काम कर रही है। सभी प्रकार के रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप नि:शुल्क जांच एवं दवाएं वितरित की जा रही है। आयुष्मान आरोग्य शिविर के अंतर्गत उच्च स्तरीय मरीजों को सेवाएं दी जा रही है। उन्होंने बताया कि समाज के लोग मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का लाभ उठाएं। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग के डॉ सौरभ शर्मा, डॉ बालकृष्ण, रजनीश राजावत, चिकित्साकर्मी महेश गोस्वामी सहित ग्रामीण राकेश सिंह, देशराज सिंह, कल्याणसिंह, केदार सिंह, रणजीत सिंह, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

### सामूहिक सुंदरकांड का पाठ व दीपक उत्सव 22 जनवरी को

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** चूणा चौक स्थित रामलीला पार्क में चूणा चौक विकास समिति के अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित की अध्यक्षता में भारतीय कला मंदिर संस्थान व चूणा चौक विकास समिति के पदाधिकारी की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक धीरेंद्र चौधरी व अमित पांडे ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 जनवरी अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि मंदिर में प्रथम मूर्ति स्थापना दिवस पर दोपहर 3.15 बजे सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड का पाठ होगा। इसके बाद दीपोत्सव किया जाएगा। बैठक में पंडित मुकेश महमिया, महेश बसावतिया, उमाशंकर महमिया, शुभकरण चौपदार, पवन सैनी, सुनिल चोटिया, अनिल चोटिया, प्रदीप शर्मा, पवन चोपदार आदि उपस्थित थे।

# मिशन उत्कर्ष के तहत आंगनबाड़ी सहायिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के मिशन उत्कर्ष जिलों में शुरू किए गए कार्यक्रम सेनू के अंतर्गत जीआईजेड के सहयोग से जपाईगो संस्था के द्वारा आंगनबाड़ी सहायिकाओं के क्षमतावर्धन के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण उद्यमशाला बिजौली पर आयोजित किया गया। विभाग के महिला एवं बाल विकास अधिकारी अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि- धौलपुर जिला भारत सरकार द्वारा पोषण क्षेत्र में मिशन उत्कर्ष के 10 जिलों में शामिल है, ऐसे में मिशन के तहत आंगनबाड़ी कार्मिकों के क्षमतावर्धन के लिए जीआईजेड एवं जपाईगो संस्था द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत पूर्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का क्षमतावर्धन किया जा चुका है। इसी कढ़ी में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के क्षमतावर्धन को लेकर यह दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। सीडीपीओ श्रीवास्तव ने बताया कि सेनू कार्यक्रम के अंतर्गत जपाईगो संस्था के द्वारा आईसीडीएस की फ्रंटलाइन वर्कर को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ सर्टिफिकेशन भी प्रदान किया जाएगा। सभी आंगनबाड़ी सहायिकाओं को तीन मॉड्यूल पर प्रशिक्षण दिया गया है। बच्चों के शुरुआती 1000 दिवस की महत्ता,वृद्धि निगरानी, सूक्ष्म पोषक तत्व, सैम, सीमैम, समुदाय व्यवहार परिवर्तन, पोषण ट्रैकर आदि। इस प्रशिक्षण शिविर में दक्ष प्रशिक्षक रूप में जपाईगो संस्था के जिला समन्वयक मनोज शर्मा एवं आईसीडीएस से महिला पर्यवेक्षक लीला देवी गुर्जर मौजूद रहीं।

**विनायक कपः 2, अंडर-17 क्रिकेट कप-2025**

# राजस्थान क्रिकेट एकेडमी जीती, अंकित सैनी बने मैन ऑफ द मैच



अंकित सैनी

**जयपुर।** विनायक क्रिकेट ग्रांउड निमेडा द्वारा आयोजित विनायक अंडर-17 क्रिकेट कप-2025 में रोहित शर्मा क्रिकेट एकेडमी व राजस्थान एकेडमी के बीच खेला गया, जिसमें राजस्थान क्रिकेट एकेडमी 10 विकेट से विजयी हुयी। रोहित शर्मा एकेडमी ने पहले खेलते हुए 43.4 ओवर में 10 आउट होकर 163 रन बनाये, जिसमें नीतू शर्मा ने 63 रन, अखिल ओझा ने 12 रन बनाये व जवाब मे राजस्थान एकेडमी ने 12.2 ओवर में 169 रन पर 10 विकेट में जीत हासिल के जिसमें अंकित सैनी ने 128 रन,अयमन ने 37 रन बनाये व पवन जागीर ने 2 विकेट लिए। इस मैच के मैन ऑफ द मैच अंकित सैनी रहे।

# आरटीओ के नेतृत्व में अलवर परवाह कार्यक्रम को सफल बनाने में लगी विभाग की टीम




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** आरटीओ सतीश कुमार के नेतृत्व में प्रादेशिक परिवहन विभाग की टीम लगातार सडक सुरक्षा के प्रति लोगों को जागृत करने का काम करने मे लगी है ताकि लोगों में सडक सुरक्षा के प्रति जागृति आए और वाहन दुर्घटनाओं में कमी आ सके। जिला परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि परिवहन एवं सड़क विभाग द्वारा 'अलवर परवाह' की थीम पर 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के आठवें दिन आज परिवहन विभाग के द्वारा यातायात नियमों की जानकारी व प्रवर्तन संबंधित कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि विभाग के उडन दस्ता प्रभारी बिजेंद्र कुमार मीणा के द्वारा थानागाजी कला कॉलेज में सडक सुरक्षा कैम्प आयोजित कर विद्यार्थियों को सडक एवं यातायात नियमों संबंधी जानकारी प्रदान की गई तथा 150 पम्पलेट व बुकलेट वितरित किए गए। साथ ही टेऊफिक पुलिस एवं परिवहन उडन दस्तों द्वारा विभिन्न श्रेणी के 35 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई तथा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 8 बिना सीटबेल्ट, 100 बिना हेलमेट वाहन संचालन, 3 वाहन चलाते समय मोबाइल वार्ता, 15 तीन सवारी से अधिक होने, 10 बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्रा संचालित वाहन, 77 निर्धारित गति से अधिक वाहन चलाने, 12 नो पार्किंग, 1 टेऊफिक सिगनल तोडने, 1 बिना रिफ्लेक्टर टेप वाहन संचालन, 3 बिना वैध इंश्योरेंस वाहन संचालन, 11 वाहन की बॉडी अवांछनीय परिवर्तन करने, 2 ओवरहाइट एवं 1-1 बिना वैध परमिट व बिना वैध फिटनेस वाहन संचालन से संबंधित चालान किए गए।

# नेत्र जांच शिविर में 127 रोगियों की जांच हुई



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट के तत्वावधान में रामअवतार सीताराम अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से जिला अन्धता निवारण समिति जयपुर एवं शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर बुधवार को अग्रवाल भवन में आयोजित हुआ। सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन राम काबरा ने बताया कि क्लब का संकल्प मोतियाबिंद मुक्त हो कुचामन क्षेत्र को साकार करने की दिशा में 60 वा शिविर आयोजित हुआ जिसमें शंकरा अस्पताल जयपुर की चिकित्सक टीम ने 127 रोगियों के नेत्र एवं बीपी शुगर जांच कर 59 को ऑपरेशन के लिये चयन किया। चयनित रोगियों को शंकरा अस्पताल जयपुर भेजा गया जिनके गुरुवार को ऑपरेशन किये जायेंगे। वही पिछले माह ऑपरेशन करवाने वाले 82 रोगियों को पुन: जांच कर चश्मे भी दिए गए। रोगियों के भोजन, आवास, चश्मे एवं दवाईयों की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी। क्लब सचिव लॉयन रचित नंदवाना ने बताया लॉयन मुरलीमनोहर स्नेही, विष्णु मोयल, प्रकाशचंद टेलर, आनंद बंसल, सावर मित्तल, अजित सिंह तथा एनएसएस कुचामन कॉलेज के हंसराज, धर्मेन्द्र, हेमलता, आरती, कुसुम, सुमन, मुस्कान, यास्मीन, मोनिका, अंसुल, गुलाबचंद आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया।

### कुचामन नगरपरिषद में 16 को होगी साधारण सभा की बैठक

**कुचामनसिटी।** नगरपरिषद कुचामन सिटी द्वारा जारी सूचना के अनुसार साधारण सभा की बैठक 16 जनवरी 2025 को दोपहर 3:15 बजे नगरपरिषद सभा भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी, जिनमें नगरपरिषद कर्मचारियों के स्थायीकरण एवं अनुकम्पात्मक नियुक्ति का अनुमोदन, गणतंत्र दिवस 2025 की तैयारियां, कर्मचारियों के प्रशिक्षण हेतु अवकाश आवेदनों पर विचार, भूखण्डों की नीलामी, नगरपरिषद क्षेत्र में जनसुविधाओं का निर्माण, विवादित पट्टों पर विचार, ब्राह्मण महासभा को छात्रावास निर्माण हेतु भूमि आवंटन, एवं विभिन्न विकास कार्यों पर विचार शामिल हैं। नगरपरिषद ने सभी सदस्यों से निर्धारित तिथि और समय पर बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# हीरवाना गौशाला का 23वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**गुढ़ागौड़जी।** क्षेत्र की प्रसिद्ध एवं जिले की पहली नंदीशाला श्री कृष्ण गौशाला चंवरा हीरवाना का 23वां स्थापना दिवस बामलास धाम के महंत लक्ष्मण दास महाराज की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर 525 गायों को गौशाला में गड़ और दलिया खिलाया गया। पंडित मुकेश दाधीच के सानिध्य में गो पूजन कर भगवान को प्रसाद का भोग भी लगाया गया। गौशाला अध्यक्ष शीशराम खटाना ने बताया कि विगत 22 वर्षों से गौशाला निरंतर उन्नति कर रही है। जिसमें दानदाताओं भामाशाह हो और आसपास के गांवों के सभी ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा है। उन्होंने बताया कि सन 2022 में गहलोत सरकार में तत्कालीन मंत्री राजेंद्र सिंह गुढा के प्रयासों से इस गौशाला को झुंझुनूं जिले की पहली नंदीशाला के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई। जिसमें 10 प्रतिशत राशि 15 लाख 70 हजार रुपए का कार्य संस्था द्वारा चार दिवारी के निर्माण में लगाया गया। शेष 90 प्रतिशत राशि में से सरकार द्वारा 40-40 प्रतिशत की दो किस्ते कुल 1.25 करोड़ रुपए प्राप्त हो चुके हैं। जिसमें पांच काऊ सैड तथा चारे का गोदाम बनाया गया है। शेष कार्य 31 मार्च 2025 तक पूर्ण हो जाएगा। इस दौरान गौशाला अध्यक्ष शीशराम खटाणा, कोषाध्यक्ष बनवारीलाल जांगिड़, बलबीरसिंह बांगड़वा, श्रीराम धाबाई, सुमेर रावत, मुकेश दाधीच सहित समस्त गौशाला स्टाफ उपस्थित रहा।

# युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वास्थ्य पर देना होगा ध्यान : चौधरी

संत किशनाराम महाराज की पुण्यतिथि पर आंजणा (चौधरी) समाज का 18वां वार्षिक मेला आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** आंजणा (चौधरी) समाज संस्था सुमेरपुर- शिवगंज की ओर से शिक्षाविद संत किशनाराम महाराज की पुण्यतिथि पर 18वें वार्षिक मेले का आयोजन किया गया। बुद्धनाथ महाराज व प्रकाशनाथ महाराज के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देवाराम चौधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिरोही थे जबकि अध्यक्षता किसान नेता भवरसिंह चौधरी ने की। विशिष्ठ अतिथि के तौर पर लूणी भाजपा नेता भंवरराम पटेल पूर्व सरपंच, उद्योगपति केवलराम पटेल फालना मौजूद रहे। कार्य' म की शुरुआत गुरुदेव की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर गुरु राजेश्वर भगवान की महाआरती के साथ हुई। नव नियुक्त पुलिस उप निरीक्षक सीमा पटेल का सम्मान किया गया। अखिल भारतीय आंजणा युवा महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री भैराराम चौधरी ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल से जुड़कर अपने जीवन को मजबूती दें। युवाओं को नित्य जल्दी उठने की आदत पर बल देने को कहा। आंजणा समाज सुमेरपुर शिवगंज अध्यक्ष लादूराम चौधरी ने समाज की एकता के






साथ राष्ट्र एकता पर बल दिया। किसान नेता कालूराम चौधरी, राजूभाई चौधरी, प्रागाराम चौधरी, वेलाराम पटेल ने भी संबोधित किया। मेला आयोजन के भामाशाह रूपाराम करवड़, वेलाराम धूनिया का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया गया। मेले में मृत्यु भोज बंद करने, नशा मुक्त परिवार, हर परिवार से 100 पौधे लगाने, रक्तदान यूनिटी का वोसट एप ग्रुप बनाने, आंजणा किसान आवास केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया। जिसपर सभी समाजबंधुओं ने समर्थन जताया। मेले में किशोर चौधरी, किशन चौधरी, भलाराम चौधरी, गोवाराम चौधरी, चंद्राराम चौधरी, गेनाराम चौधरी सहित कई समाजबंधु मौजूद थे।

# भाजपा के मंडल अध्यक्ष घोषित, किया स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिले के विभिन्न मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है। निर्वाचित मंडल अध्यक्षों का पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गया।

**सुमेरपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में पाली जिला चुनाव अधिकारी विजेंद्र पूनिया, सह प्रभारी करणसिंह नेतरा व राजस्थान सरकार कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सुमेरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष पद पर रविकांत रावल को मनोनीत किया हैं। प्रतिपक्ष नेता नगर पालिका शिवगंज भाजपा पार्षद लक्ष्मण परिहार के नेतृत्व में बुधवार को अध्यक्ष रावल का माला पहनाकर स्वागत किया गया। युवा मोर्चा उपाध्यक्ष दीपक गोयल ने कहा कि अध्यक्ष रावल को पार्टी ने निस्वार्थ भाव से किए गए सेवा कार्यो को देखते हुए मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी हैं। अध्यक्ष रावल ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर व्यवसायिक प्रकोष्ठ संयोजक नरेश सांखला सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।





**सादड़ी।** *भाजपा जिला चुनाव अधिकारी जितेंद्र पूनिया की ओर से विधानसभा क्षेत्र के 9 में से 6 मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई है। इसके तहत गोविंद मीणा को लगातार दूसरी बार सादड़ी मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति पर समर्थकों ने खुशी जताई। इससे पहले मीणा 2015 व 2018 में युवा मोर्चा अध्यक्ष व 2020 में मंडल अध्यक्ष रहे है।*

**मुंडारा।** भाजपा मुंडारा मंडल अध्यक्ष बनने पर एडवोकेट सांकलाराम देवासी का पुनाड़िया गांव में कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। देवासी ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे व सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने स्वागत के लिए ग्रामीणों का आभार जताया। इस मौके पर दिनेश



चौधरी, मोटाराम चौधरी, सोहनलाल लोंगेशा, कैलाश लोंगेशा, भरत प्रजापत, बाबू पी लोंगेशा, शंकर परमार, प्रकाशनाथ, मदनलाल लोंगेशा, ओमप्रकाश, छोटूपुरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# परिजनों को सौंपा नहर में बहे युवक का शव



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** थाना क्षेत्र के बीठिया हेड के पास जवाई नहर में मंगलवार को डूबने से विकलांग की मौत हो गई। बुधवार को मृतक का पीएम करवाकर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। हेड कांस्टेबल कपूराराम ने बताया कि 7 जनवरी की दोपहर को बीठिया हेड पर नहर के लिए रखे चौकीदारों को एक शव बहता हुआ दिखाई दिया। उन्होंने शव को बाहर निकाला। इस दरमियान उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के हाथ पर रमेश नाम गुदा हुआ था और दोनों पैरों से दिव्यांग था। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। जिसके बाद सुमरपुर थाने से हेड कांस्टेबल कपूराराम मौके पर पहुंचे। जहां शव निकाला उससे एक किमी पहले नहर के पास ही मृतक की तीन पहिया स्कूटी मिली। जिसमें रखे कागजात के आधार पर मृतक की पहचान जालोर जिले के आहोर तहसील के मोरूआ निवासी दिव्यांग रमेश मीणा पुत्र परबाराम मीणा के रूप में हुई।। गौरतलब है कि पहली व दूसरी पाण का पानी देने के दौरान भी नहर में गिरने से दो जनों की मौत हो चुकी है।

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 12 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** मुख्यमंत्री की उपस्थिति में रविवार प्रातः 10 बजे जिला परिषद सभागार में रोजगार उत्सव आयोजित किया जाएगा। जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए कोषाधिकारी राकेश कुमार को नोडल अधिकारी व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विकास मारवाल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही जिला परिषद, नगर निगम, रसद, यूआइटी, सूचना प्रौद्योगिकी समेत संबंधित विभागों को उत्सव के दौरान आवंटित कार्य की व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया गया है।

## प्रांतीय अधिवेशन में कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जोधपुर प्रांत का 60वां प्रांत अधिवेशन 5 से 7 जनवरी तक महाराणा प्रताप नगर पाली में सम्पन्न हुआ। जिसमें पूरे प्रांत से 1500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रहे। दूसरे दिन नगर में शोभायात्रा एवं खुला मंच अधिवेशन का आयोजन हुआ। वहीं, तीसरे दिन समापन समारोह में जोधपुर प्रांत की सत्र 2025-26 की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा





की गई। जिसमें तखतगढ़ इकाई के साहिल माली को प्रांत कार्य समिति सदस्य निर्वाचित किया गया। माली पूर्व में जिला संयोजक, तखतगढ़ नगर मंत्री आदि दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। साथ ही मनीषा परमार और रवि कुमावत (पूर्व नगर मंत्री) को प्रांत कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित किया गया। इस मौके पर प्रांत अध्यक्ष हीराराम, प्रांत मंत्री पूनम भाटी, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अश्विन शर्मा, प्रांत संगठन मंत्री उपमन्यु सिंह राणा आदि उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति किया जागरूक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की थीम परवाह के तहत दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए लोगों में जागरुकता पैदा करने कार्यक्रम जारी है। इसके तहत यातायात पुलिस की ओर से यातायात प्रभारी एसआइ सरिता विश्नोई के नेतृत्व में यातायात पुलिसकर्मी लोगों में जागरुकता लाने को प्रयासरत है। वाहन चालकों को सीट बेल्ट, हेलमेट का उपयोग करने, गति सीमा निर्धारित से अधिक




नहीं रखने व धीमे चलने का आग्रह किया गया। उधर जिला कलक्टर एलएन मंत्री, पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट के निर्देशन व यातायात प्रभारी सरिता विश्नोई के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस की ओर से सूरजपोल चौराहा, नहर पुलिया पर आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कई वाहनों पर रेडियम स्टीकर लगाए गए। हाइवे व टोल प्लाजा से जुड़े सीएसआर मैनेजर फिरोजखान ने वाहन चालकों से आग्रह किया कि सड़क सुरक्षा को चालान के डर से नहीं बल्कि मन से अपनाएं। क्योंकि आपके अपने सुरक्षित लौटने का इंतेजार कर रहे होते हैं। हेड कांस्टेबल श्रवणकुमार, सुखलाल, प्रदीपसिंह, कांस्टेबल जितेन्द्रसिंह, दलपतकुमार, सोनाराम का सहयोग रहा।

## कार्मिकों को भरना होगा ऑनलाइन प्रपत्र

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** राज्य कर्मचारियों की राज्य बीमा पॉलिसी इस वर्ष की एक अप्रैल को परिपक्व हो रही है। राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए राज्य बीमा पॉलिसी के तहत भुगतान प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन प्रपत्र भरना होगा। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग उप निदेशक हरिहर सिंह ने बताया कि ऐसे राज्य कर्मचारी जिनकी जन्मतिथि एक अप्रैल 1965 से 31 मार्च 1966 के मध्य है। उनकी राज्य बीमा पॉलिसी एक अप्रैल 2025 को परिपक्व हो रही है। उन कर्मचारियों की दिसम्बर 2024 के वेतन से बीमा की अंतिम कटौती कर बीमा पॉलिसी की परिपक्वता राशि का भुगतान प्राप्त करने के लिए एसआइपीएफ पोर्टल 3.0 पर एसएसओ आइडी से परिपक्वता प्रपत्र ऑनलाइन करना होगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ बीमा पॉलिसी, बीमा रिकॉर्ड बुक, परिशिष्ट क और प्रमाण पत्र क संलग्न कर ऑनलाइन अपलोड करना होगा। जिन मेडिकल ऑफिसर की सेवानिवृति आयु 60 से 62 वर्ष एवं 65 वर्ष की है, उनकी बीमा पॉलिसी की परिपक्वता तिथि स्वतः ही परिवर्तित हो जाएगी। इस प्रकार वर्ष 2025-26 में सेवानिवृत होने वाले सभी राज्य कार्मिक अपना राज्य बीमा परिपक्वता दावा तत्काल ऑनलाइन भरना सुनिश्चित करें।

## भामाशाह ने बांटी शिक्षण सामग्री



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेलीमाता भील बस्ती देसूरी में 51 विद्यार्थियों को भामाशाह, समाजसेवी संदीप श्रीमाली नारलाई ने स्वेटर, कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, शॉपनर व बिस्किट समेत शिक्षण सामग्री वितरित की। सामग्री वितरण में भरत दवे, रमेश जोशी, रमेश सुथार का भी सहयोग रहा। प्रधानाध्यापक शिवराम राईका ने आभार व्यक्त किया। स्वेटर और स्टेशनरी पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। अध्यापक प्रकाश मोबारसा व प्रहलाद गर्ग भी उपस्थित रहे।

# रेल कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** नार्थ वेस्टर्न रेलेवे एम्प्लाइज यूनियन (एआइआरएफ) के तत्वावधान में देशभर में आयोजित विरोध प्रदर्शन के तहत संगठन के स्थानीय कार्मिकों की ओर से बुधवार को फालना स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन किया गया। रेल कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। उनकी मांगों में आठवें वेतन आयोग की घोषणा, हार्ड एवं रिस्क



एलाऊंस, रेकमैनों के लिए लेवल-6 की भोग, कांटे वालों के लिए लेवल-प्र की मांग और एमपीएस को समाप्त कर नीड कलमांग शामिल हैं। प्रदर्शन में रानी-फालना शाखा के सचिव मोजीराम मीना, शाखा अध्यक्ष मानाराम देवासी, जोनल उपाध्यक्ष चेतराम मीना, कोषाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, सहायक सचिव सुशील परिहार एवं महेशकुमार सहित लगभग 100 रेल कर्मचारियों ने भाग लिया।

## मधुमक्खियों के हमले में बाइक सवार घायल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** लुणावा-बाली सड़क मार्ग पर मधुमक्खियों के हमले में दो बाइक सवार घायल हो गए। ग्रामीणों के अनुसार बीकानेर हाल लुणावा निवासी चालीस वर्षीय माधूसिंह व साठ वर्षीय भोमसिंह बाइक से बाली जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात कारणों से उड़ रही मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर जगह-जगह काट दिया। वहां से जैसे तैसे आगे पहुंचे। लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। जिस पर मौके पर पहुंचे एंबुलेंस पायलट सुरेशसिंह व इएमटी हरीश मकशोना ने उन्हें बाली उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। तत्काल उपचार मिलने के बाद दोनों की स्थिति में सुधार है।



# सेवानिवृत्ति पर शिक्षक ने विद्यालय में भेंट किए 51 हजार रुपए

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डायलाना कला के शिक्षक नगाराम ने अपनी सेवानिवृत्ति पर विद्यालय विकास के लिए 51 हजार की राशि विद्यालय प्रबंधन को भेंट की। उनके इस सहयोग की विद्यालय परिवार एवं आमजन ने सराहना की। सेवानिवृत्ति समारोह के दौरान प्रधानाचार्य सहित शिक्षकों, विद्यार्थियों व गणमान्य लोगों ने उनके योगदान को यादगार बनाया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए सीबीइओ मोहनलाल बलाई ने इस योगदान की प्रशंसा की। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने कहा कि नगाराम जैसे शिक्षक समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी दी हुई राशि विद्यालय के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। विज्ञान शिक्षक टेकाराम ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को सशक्त बनाने का माध्यम भी है। साथी शिक्षक का यह योगदान सभी के लिए प्रेरणास्पद है। नगाराम ने कहा कि यह विद्यालय उनके लिए सिर्फ कार्यस्थल नहीं बल्कि परिवार रहा है। उनकी यह छोटी सी भेंट इस विद्यालय के प्रति मेरे प्रेम और कर्तव्य का प्रतीक है। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस राशि का उपयोग विद्यालय के पुस्तकालय के विस्तार, खेलकूद सामग्री की खरीद और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए किया जाएगा। नगाराम का यह योगदान दर्शाता है कि एक शिक्षक समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कितना बड़ा सहायक हो सकता है। उनके द्वारा की गई यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी। इस सहयोग की जानकारी मिलने पर देसूरी सीबीइओ मोहनलाल ने भी नगाराम के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्य' म में एसीबीइओ मंगलाराम, भामाशाह जावंतराज जैन, सरपंच राजाराम, शिक्षक पन्नालाल मकवाना, ढगलाराम, पंकज मान, वनाराम, जगाराम, पप्पूराम भी मौजूद थे।

## शिविर में मिली ग्रामीणों को राहत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** समीपवर्ती लाटाड़ा गांव में बुधवार को निःशुल्क जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। राज्यसभा सासंद, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व बाली विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत की प्रेरणा से भाजपा ओबीसी मोर्चा सेवाड़ी मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सुथार करणवा के सान्निध्य में आयोजित किया गया। शिविर में पेंशन सत्यापन 81, पीएम विश्वकर्मा योजना के 7, पालनहार के 2, जन आधार सुधार के 7, पीएम किसान के 28, गैस योजना के 8, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना बीमा के 2, आयुषमान कार्ड बीमा के 8, तारबंदी के 5 मामलों का निस्तारण कर लोगों को राहत पहुंचाई गई। शिविर में 58 लोगों का बीपी व शुगर लेवल मापा गया। शिविर में सरपंच पुखराज चौधरी, महिपालसिंह, कृषि विभाग के मुकेश यादव, पटवारी विं मकुमार, ग्राम विकास अधिकारी यशोदा गहलोत, महेंद्रकुमार, पूजा मीना, आशादेवी, पिंकीकुमारी, इ मित्र संचालक गोविंद लखारा, खुशबू गोस्वामी, वीणाकुमारी, नीलमकुमारी, अनीताकुमारी आदि उपस्थित थे।



# समय पर हो आमजन के कार्य : जोधा

पंचायत समिति में समीक्षा बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** पंचायत समिति सभागार में बुधवार को बाली विकास अधिकारी भोपालसिंह जोधा ने ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायकों की बैठक लेकर विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन के कार्य समय पर करना सुनिश्चित करें। समय पर पेंशन सत्यापन करवाएं ताकि आमजन को समय पर पेंशन मिल सके। प्रॉपर्टी कार्ड में प्रगति नहीं होने पर वीडिओ के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की बात कही। ग्राम पंचायतों में पिंक टॉयलेट जल्द पूर्ण करवाने को निर्देशित किया।



घुमंतू और अर्ध घुमंतू पट्टाधारकों के पट्टे जल्द रजिस्ट्रेशन करवाने को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री आवास जल्द पूर्ण करवाने को दिशा निर्देश करते हुए कहा कि जो कार्य प्रारंभ नही करवा रहे उन्हें नोटिस जारी कर कार्यवाही करें। बैठक में बीएसओ सरिताकुमारी, अतिरिक्त विकास अधिकारी असफाक अली, जयंतीलाल दीवाकर, मुबारक अली, कनिष्ठ अभियंता अनिल विश्नोई, आइए महेंद्र मीणा, ग्राम विकास अधिकारी हीराराम परमार, नंदकिशोर वैष्णव, रतन गाडरी, रवि मोबारसा, रामचंद्र यादव, मोहनलाल, भरत ओझा, शिवरतन सोलंकी, जितेंद्र गहलोत, मालमसिंह, जयराजसिंह, परवेज, सुमितकुमार, मिश्रीलाल, कपूर देवासी, अनिल जोशी, यतिन पुरोहित, दिलीपसिंह, प्रवीणपुरी, श्रवणसिंह, विकास दवे, तरुण भाटी, किशनलाल, गंगा सहाय, कैलाश सुथार, यशोदा गहलोत, सुरेश देवासी, अशोक मैक्स, विकास व्यास, रेखा मेंशन, राजेश्वरीकंवर, नेहा, सीमा, प्रमोदकंवर, कन्याकंवर, नेकाराम, गंगा सहाय, उम्मेदमल, रजत सिंह, जीवाराम, लक्ष्मणराम, नारायण मीणा, भीमाराम, सुरेशकुमार, कुणाल निंबार्क, संदीप शर्मा, ओडाराम, उम्मेदमल, प्रभुराम, विनोदकुमार, मुगलाराम, राजूसिंह, रतन मीणा सहित समस्त ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक और कार्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

